लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष,अष्टमी 4.38 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2079

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 323, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, सोमवार, 3 अक्टूबर 2022

www.amritvichar.com

**PAGE NO : 05 BOTTOM**

# एसआरएमएस ट्रस्ट ने वितरित की 3.5 करोड़ की स्कालरशिप

- प्रो. शिव नारायण कुरील, प्रो. साहित्य कुमार नाहर और अंशुमान तिवारी को प्रदान किया गया श्रीराममूर्ति प्रतिभा अलंकरण
- कहानी और वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट के साथ दी गई ईनामी राशि, मेधावियों ने चेहरे पर खुशी

अमृत विचार, बरेली

स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराममूर्ति की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह रविवार को श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। सभी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि समारोह में केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. शिव नारायण कुरील, ग्वालियर स्थित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर को श्रीराममूर्ति प्रतिभा अलंकरण प्रदान किया। जिसके तहत सभी को अंगवस्त्र, सर्टिफिकेट और 51 हजार रुपये प्रदान किए गए। सालाना कहानी प्रतियोगिता में विजेताओं में निशांत कुमार को प्रथम, विकास कुमार को द्वितीय, त्रिज किशोर को तृतीय पुरस्कार), सिद्धांत आर्य को भी सर्टिफिकेट सम्मानित किया गया। करीब 3.5 करोड़ रुपये की स्कालरशिप वितरित की गई।

स्वतंत्रता सेनानी श्रीराममूर्ति जी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह मे प्रो . साहित्य कुमार नाहर को प्रतिभा अलंकरण प्रदान करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, महापौर डा .उमेश गौतम, भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम और ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति। ● अमृत विचार

ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि ट्रस्ट अपनी स्थापना से ही मानवसेवा और राष्ट्र सेवा का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ा है और हम इसमें कामयाब भी हुए हैं। महापौर डा. उमेश गौतम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराममूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें संस्कारों का प्रतीक बताया। सभी अतिथियों को ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने धन्यवाद दिया। पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराममूर्ति को श्रद्धांजलि दी और ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया। समारोह में विधायक शहजिल इस्लाम, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, डीआरएम एनईआर आशुतोष पंत, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजी. सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डा. वंदना शर्मा, डा. अनुराग मोहन, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह और डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।